तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 मई 2024



12 1.20 करोड़ के बीमा और 150 से अधिक बचत खाता...



14 कोलावल में मना उच्च रक्तचाप दिवस





## तीन महीने बाद भी नहीं मिली मगरमच्छ और पक्षियों की गणना रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में फरवरी पर पहली बार भारतीय प्राणी सर्वेक्षण जिओलाजिकल सर्वे आफ इंडिया कोलकत्ता, हैदराबाद, दिल्ली एवं बिलासपुर के विज्ञानियों की टीम ने मगरमच्छ एवं पक्षियों को सर्वे और गणना की। सर्वे एवं गणना के तीन माह बाद भी टीम ने रिपोर्ट नहीं दी। फरवरी में पदस्थ उद्यान के तत्कालीन निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया था कि सर्वे और गणना की रिपोर्ट एक सप्ताह में मिलेगी, पर नहीं मिल सकी है। बताया जा रहा है कि उद्यान में स्थित लगभग तीस ▶▶|शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- 25 वैज्ञानिक कांगेर नदी के किनारे मगरमच्छों के पद चिन्हों, रहवास से की गणना
- वैज्ञानिकों ने उद्यान में रूककर मगरमच्छ व पक्षियों का किया था सर्वे



**डीएफओ को दिए निर्देश**

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक वन्यजीवन एवं क्षेत्रीय निदेशक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि वर्तमान में पदस्थ कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के डीएफओ को निर्देश दिया कि उद्यान में फरवरी में दिए गए मगरमच्छ एवं पक्षियों के सर्वे, गणना की रिपोर्ट भेजे।

### मौसम : पिछले साल की तुलना में इस वर्ष अच्छी बारिश होने की उम्मीद

## मानसून की शुरूआत 31 मई से होने के संकेत, 13 जून को छत्तीसगढ़ में करेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून की शुरुआत 31 मई से हो सकती है। केरल में मानसून के दस्तक देते ही अन्य राज्यों में भी इसकी शुरुआत हो जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 13 जून को होगी। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। यह मानसून किसानों के लिए काफी बेहतर हो सकता है। मौसम विभाग ने 106 फीसदी तक बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। मानसून को लेकर मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून के जगदलपुर पहुंचने की सामान्य तिथि 13 जून है। रायपुर में 16 जून है और अंबिकापुर में 21 जून है। इस साल वर्षा 106 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि सामान्य से इस वर्ष अधिक बारिश होने की संभावना है। इसका मुख्य कारण एल नीनो है, वह इफेक्ट करता है। एल नीनो का प्रभाव कम हो गया है यानी न्यूट्रल कंडीशन पर है। जिसके कारण इस साल अच्छे मानसून की संभावना है। अच्छी बारिश से किसानों को फसल



उत्पादन में काफी मदद मिलेगी। बता दें कि बुधवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून को लेकर अपडेट दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिमी मानसून की शुरुआत केरल में 31 मई के आसपास होने के आसार हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर 1 जून को केरल में प्रवेश करता है। इसके बाद यह उत्तर की ओर बढ़ता है और 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर कर लेता है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख 1 जून है।

**_गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात की संभावना_**

*शुक्रवार को दक्षिण छग में गरज-चमक के अंधड़ चलने और वज्रपात होने की प्रबल संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में गहरा बादल होने के कारण तापमान में आज सार्थक गिरावट संभावित है। एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से रायलसीमा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। वर्षा मुख्यतः दक्षिण छग में केंद्रित रहने की सम्भावना है।*


## 10 डीआरजी जवानों के नाम धमकीभरा पत्र व नक्सलियों ने लगाए बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों ने डीआरजी जवानों के लिए धमकी भरा पत्र जारी किया है। उन्होंने अलग-अलग इलाकों में बैनर पोस्टर लगाए हैं। माओवादी संगठन के इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों ने जवानों के नाम लिखकर बैनर, पोस्टर लगाए हैं। साथ ही अंदरूनी इलाकों में पेड़ों पर पोस्टर भी चस्पा किया है, नक्सलियों ने जवानों पर ग्रामीणों की पिटाई करने का आरोप लगाया है। नक्सलियों ने अपने पोस्टर में लिखा है कि उस्परी गांव और उसके आसपास के इलाकों में डीआरजी के जवानों ने ग्रामीणों से बुरी तरह से मारपीट की है। जिससे कई ग्रामीण घायल भी हुए हैं, नक्सलियों ने अपने पोस्टर में डीआरजी के 10 जवानों का नाम भी लिखा है। इसके अलावा नक्सलियों ने इस इलाके में

- ग्रामीणों की पिटाई करने का लगाया आरोप





चल रहे पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को भी काम बंद करने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ सालों से लगातार डीआरजी के जवान नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन में नक्सलियों पर भारी पड़ रहे हैं। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जिले में लगातार डीआरजी के जवानों और सीआरपीएफ के संयुक्त टीम को मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराने में सफलता ▶▶|शेष पेज 12 पर

## बेमौसम बारिश से परेशान दुकानदार समान को बचाने की करते रहे जद्दोजहद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बेमौसम बारिश से शहर के व्यापारी के साथ-साथ कांकेर जिला के किसान परेशान हो गए। सुबह से बादल छाया हुआ था, लेकिन बारिश होने का आसार नजर नही आ रहा था। अचानक 3 बजें से तेज बारिश होने लगी, जिससे नालियो में जमा हुआ कचरा सड़क के ऊपर आने लगा। कई व्यापारी के दुकानों में पानी घुसने लगा था, जिससे वे परेशान हो गए। दुकान में पानी घुसने से दुकान से ऊंची सड़क बनाने वाले कांग्रेसी नेताओं को दुकानदार कोसते रहे। बेमौसम बरसात किसानो के लिए आफत बन गया है। जिले में लगातार बेमौसम पानी एक दिन छोड़ दूसरे दिन गिर रहा है। शुक्रवार 17 मई को दोपहर बाद 3 बजे शुरू हुई बारिश ऐसी बारिश जैसे बारिश का मौसम हो। तेज बारिश के चलते सड़को का पानी नाली में गया और नाली जाम होने के चलते पानी के साथ कचरा सड़क पर आ गया। इसके अलावा शहर के अंदर सड़क को दुकानों से ऊपर कर दिए जाने के चलते कई दुकानों में पानी घुस गया, जिन दुकानों में पानी घुसा, वे दुकानदार कांग्रेस नेताओं को कोसते हुए नजर आएं, उनका कहना था कि इतनी ऊंची सड़क बनाने की जरूरत नहीं थी।

## फर्जी अमेजन पे का ट्रांजेक्शन दिखा कर ठगी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रहा है। इसी तारतम्य में अमेजन पे का फर्जी ट्रांजेक्शन दिखा कर ऑनलाइन ठगी करने वाले दो युवकों को गिफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि 16 मई को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आड़ावाल स्थित न्यू सुन्दर कलेक्शन कपड़ा दुकान में 3 लड़के कपड़े लेने आये और शूट, टी शर्ट, जूता खरीदा जिसका 15,800 रूपये का बिल हुआ। तीनों युवकों ने क्यूआर कोड को स्केन करके पेमेंट हो गया कहकर मोबाइल से एक पेज दिखाया जिसमें अमेजन पे 15,000 रुपए न्यू सुन्दर कलेक्शन का नाम दिखा रहा था। लेकिन मोबाइल से संचालित फोन पे में किसी प्रकार का पैसा नहीं आया था। उसके बाद राठी एन्ड संस में भी कपड़ा खरीदी करके 19,500 ▶▶|शेष पेज 12 पर

## शहर में कबाड़ वाहनों की जब्ती की कार्रवाई शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पहले दिन पांच कबाड़ वाहनों को किया गया बरामद

नगर पालिका निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार से शहर के विभिन्न मार्गों में कबाड़ वाहन एवं सामग्रियों की जब्ती की कार्रवाई शुरू हो गई है। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई है। निगम के राजस्व विभाग एवं यातायात विभाग के संयुक्त दल के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों से कबाड़ वाहनों की जब्ती की कार्रवाई किया गया। जिसमें 5 कबाड़ वाहनों को जब्त किया गया है। इसके पूर्व निगम प्रशासन ने कबाड़ वाहनों के मालिकों को मार्गों से कबाड़ वाहनों को हटाने का 3 दिन का नोटिस दिया था। 3 दिन की मियाद खत्म होने के बाद आज से निगम प्रशासन के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### जांच के दौरान ओव्हरलोड 4 वाहनों से किया 1.62 लाख का जुर्माना

## उड़नदस्ते ने वाहनों का बकाया टैक्स 12.10 लाख वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर संभागीय मुख्यालय शहर से रायपुर, ओडिशा, गीदम, बीजापुर, भोपालपटनम, दंतेवाड़ा, किरंदुल, सुकमा, कोंटा रोड में चल रही वाहनों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान उड़नदस्ता की टीम ने बकाया टैक्स वाहनों से 13 दिन में ही 12 लाख 10 हजार 559 रूपए वसूल किया। साथ ही 4 ओव्हरलोड वाहनों को 1 लाख 62 हजार रूपए का जुर्माना किया गया। इस तरह से सभी सड़कों में वाहनों की जांच में 38 लाख 41 हजार 559 रुपए समझौता शुल्क वसूला गया। बताया जा रहा है कि संभाग की सभी सड़कों में सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का टैक्स बिना दिए दूसरे राज्यों की वाहनें बैखौफ चल रही हैं। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग की सभी सड़कों में वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही वाहन चालकों को बताया कि आगे-पीछे और बाजू में रेडियम जरूरी है। वाहन फिटनेस के लिए जाती है उस समय रेडियम की जरूरत होती है। साथ ही रोड पर चलने वाली वाहनों में रेडियम के अभाव में खतरनाक दुर्घटना की संभावना रहती है, रेडियम नहीं होने पर भी वाहनों के खिलाफ जुर्माना किया गया।

- परिवहन उड़नदस्ते का वाहन जांच अभियान जारी



**वाहन चालकों पर हो रही सख्ती**

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि सभी सड़कों में वाहनों की जांच जारी है। जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला युवक पर कार्यवाही करने में पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि प्रार्थिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग पुत्री जो सुई खरीदने गई थी, उसे दुकान के पास में आरोपी आनंद नाग ने शादी करेगी क्या दोनों एन्जॉय करेंगे कहकर गन्दी नियत से पीड़िता के पीठ को छुआ। जिससे नाबालिग काफी डरी हुई हैं। रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक दिलीप कोशले के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी आनंद नाग निवासी मेटगुड़ा को भा.द.वि. एवं पक्सो एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया। निरीक्षक समेत उ.नि. अरूण मरकाम, स.उ.नि छुबी ठाकुर, आरक्षक झलकु, विचय तिर्की व कामदेव ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### घायल बच्ची की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत खेड़ेगांव निवासी साढ़े 4 वर्षीय भूमिका नेताम पिता ललित का ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका मौत हो गया। भानुप्रतापपुर थाना में शुन्य में मर्ग कायम कर मर्ग डायरी दुर्गुकोंदल थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट से त्रस्त पत्नी ने पति के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम घोटिया में आरोपी पति ने अपनी पत्नी के साथ शराब के नशे में मारपीट किया। पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने पर दुसरी पत्नी बनाकर लाने की धमकी दिया जाता और मारपीट किया जाता है। मारपीट से परेशान पत्नी ने थाना में पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। थाना में शिकायत करने पहुंची घोटिया निवासी 30 वर्षीय अमेरिका बघेल पति ओमप्रकाश बघेल ने पुलिस को बताया कि उनके पति ओमप्रकाश के द्वारा आए दिन शराब पीकर घर आकर छोटी -छोटी बातो को लेकर गाली गलौज कर मारपीट किया जाता है। शराब नहीं पीने से मना करने पर बात मानता नही है। 3 मई कि रात करीबन 9 बजे मेरे पति ओमप्रकाश के द्वारा मुझे बोला गया की मैं दूसरी पत्नी लाउंगा, तुमकों घर से भगा दुंगा कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 (बी) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत सिकसोड़ निवासी 42 वर्षीय सुरेश प्रधान पिता बज्जूराम का ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान 7 से 8 मई के बीच मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था।


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### केरिपुबल 188 बटालियन चला रही जागरुकता अभियान

**कोण्डागांव।** भारत सरकार द्वारा चलाए गए मेरी लाइफ एम्पलीफिकेशन प्लान–2024 के तहत विभिन्न जागरुकता अभियान का आयोजन 5 मई से 5 जून तक होना है, जिसे सुचारू रूप से क्षेत्र में चलाया जा रहा है। अभियान भावेश चौधरी कमाण्डेंट 188 बटालियन के निर्देशन में कैम्प परिसर चिखलपुट्टी से कोण्डागॉव क्षेत्र के आस–पास के इलाके में विभिन्न प्रतिस्पधाओं जैसे दौड़, मैराथन, रैली, सफाई अभियान व अन्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों में प्रकृति के प्रति एवं अपनी जीवन शैली के प्रति जागरूक करना। भारत सरकार द्वारा दिए हुए विभिन्न लाभों तथा योजनाओं के बारे में जागरूक कर उन्हें अच्छी जीवनशैली, जीवनयापन करने के लिए प्रेरित करना हैं। इस अवसर पर 188 वीं वाहिनी के संजीव कुमार मीणा सहायक कमाण्डेंट, डा. राहुल चन्द्रण आरपी चिकित्सा अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया।

### सेजेस बठेना में दस्तावेज 20 तक जमा होंगे

**धमतरी।** मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में सत्र 2024-25 के लिए लॉटरी के माध्यम से रिक्त सीटों के विरुद्ध चयनित छात्रों के दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई तक रखी गई है। संबंधित पालक अभिभावक चयनित छात्रों के दस्तावेज कार्यालयीन समय में 10 से 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे एवं प्रतीक्षा सूची से रिक्त सीट भरी जायेगी। कक्षाओं में पुनः सीट रिक्त होने की स्थिति में ऑफलाइन मोड में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### एथलेटिक्स ट्रायल 26 मई को

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में एथलेटिक्स ट्रायल का आयोजन 26 मई को किया गया है। इसमें कुल 5 इवेंट्स 100 मीटर, 200 मीटर, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉर्ट पुट शामिल हैं। ब्वायज, गर्ल गुप्र में अंडर 19, एबोव 19 ग्रुप बनाया गया हैं। एक प्रतिभागी तीन इवेंट्स में भाग ले सकते हैं। एंट्री फीस रखी गई है। यह आयोजन पूर्णतः एथलेटिक्स नियम के अनुसार होगा। प्रत्येक इवेंट में इनाम की व्यवस्था है। अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने खेल प्रेमियों से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

### भारवाहक पशुओं का उपयोग 30 जून तक प्रतिबंधित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रख 'परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण' 1965 के नियम 6 (3) के अनुसार 30 जून तक भारवाहक पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से तीन बजे के मध्य धमतरी जिले की सीमा के अंतर्गत भारवाहक पशुओं पर सामग्री रखकर वजन या सवारी ढोने के कार्य को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी परिवहन हेतु उपयोग अथवा टांगा, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंटगाड़ी, खच्चर, टट्टूगाड़ी या गधा पर वजन ढोने से पशु बीमार हो सकते हैं अथवा उनकी मृत्यु होने की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर ने आगामी 30 जून तक भारवाहक या सवारी परिवहन हेतु उपयोग पर प्रतिबंधित किया है।

### गुजरा में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर लगा

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छग के सहयोग से जिला युवा प्रकोष्ठ धमतरी एवं गायत्री परिवार इकाई गुजरा के प्रयास से 20 मई तक छह दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन हाईस्कूल गुजरा में किया गया है। अभी तक शिविर में 180 से अधिक युवाओं ने भागीदारी की है। शिविर को सफल बनाने मिलन सिन्हा, पीलू राम साहू, बीरेन्द्र साहू, श्रीमती तुलसी साहू, कैलाश नाथ साहू की टीम पहुंची है।

# 1.20 करोड़ के बीमा और 150 से अधिक बचत खाता के प्रस्ताव फार्म हुए जमा


डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- उपडाकघर में कार्यक्रम का किया गया आयोजन
- एक लाख के आरपीएलआई बीमा मृत्यु दावा प्रकरण की राशि नॉमिनी को प्रदान की गई

भारतीय डाक विभाग द्वारा उपडाकघर कोंडागांव में 17 मई को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से आरपी वर्मा, अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग, सुनील कुमार मलोथू सहायक डाक अधीक्षक, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, आरएस मिश्रा उप संभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव एक, शत्रुघन निषाद उपडाकपाल कोंडागांव उपस्थित रहे। अधीक्षक द्वारा मालाकोट के एक बीमाधारक के मृत्यु दावा की राशि नॉमिनी पुत्र सुनील मरकाम को 1 लाख 4 हजार 800 रुपए दिया। बीमाधारक सेजुराम मरकाम द्वारा जून 2023 में 1 लाख का आरपीएलआई का बीमा खरीदा गया था। कुछ ही महीने अर्थात 6 माह बाद नवम्बर 2023 में अचानक स्वास्थ्य खराब होकर मृत्यु हो गई। जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए 3 से 4 माह के भीतर क्लेम स्वीकृत किया गया। आज के डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 1 करोड़ 20 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं 150 से अधिक बचत खाता के प्रस्ताव फार्म जमा किये गए। कार्यक्रम में डाक अधिदर्शक संदीप राव, नईम खान, भारत साहू, सूर्यप्रसाद दीवान, बुधराम साहू, बानोथ रविन्दर, बालमुकुन्दी बंजारे सहित समस्त ग्रामीण डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।



### एक मोबाइल फोन को बनाने में 70 प्रकार के पदार्थ का किया जाता है इस्तेमाल

# शहर में फैले इलेक्ट्रानिक कचरे से सेहत को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के अंदर इन दिनों इलेक्ट्रानिक कचरों की भरमार देखी जा रही है। यह कचरा पर्यावरण व सेहत के लिए नुकसान है। शहर से निकले कचरों में मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक उपकरण, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, ट्यूबलाइट, बल्ब, सीएफएल बल्ब की भरमार है। पिछले 10 वर्षों में ई-कचरे की मात्रा में खासी वृद्धि हुई है।



रसायनशास्त्र के प्रोफेसर विवेक मरकाम का कहना है कि इलेक्ट्रानिक कचरे की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने में खतरनाक पदार्थ शीशा, पारा, कैडियम आदि का इस्तेमाल होता है। इसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क, हृदय, लीवर, किडनी को नुकसान पहुंचता है। श्री मरकाम ने बताया कि मोबाइल फोन को बनाने में 70 प्रकार के पदार्थ का इस्तेमाल किया जाता है जो पर्यावरण के साथ-साथ मानव जीवन पर भी खतरा है। वन्यजीव व पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचता है। इसका निष्पादन अलग से होना चाहिए।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके मंडल का कहना है कि इलेक्ट्रानिक कचरे के प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण की सही व्यवस्था नहीं होने से यह पर्यावरण के लिए खतरा है। कहीं भी फेंके गए ई-कचरे से हार्ट, किडनी, फेफड़े, प्रतिरक्षा प्रणाली, प्रजनन प्रणाली, केन्द्रीय तंत्रिका को नुकसान पहुंचेगा। निपटान में पहला कदम ई-कचरे को आम कचरा से अलग रखकर उसका निष्पादन करना चाहिए।

#### कबाड़ियों के पास ई-कचरे का भंडार

शहर के जागरूक नागरिक महेन्द्र सेन, नीलू सिन्हा, प्रकाश सोनकर आदि का कहना है कि इलेक्ट्रानिक दुकानों व घरों से निकलने वाला ई-कचरा सीधे कबाड़ियों के पास पहुंच रहा है। वे इसमें तोड़फोड़ कर उनके सीसा, तांबा, पीतल, लोहा, पाइप आदि को अलग-अलग कर बेच रहे हैं। शहर के अंदर दर्जनों कबाड़ी सेंटर हैं जहां कई क्विंटल ई-कचरा देखने को मिल जाएगा। क्रय करने की वस्तुओं को बेचकर मालामाल हो रहे हैं और वेस्ट पदार्थों को निगम के कूड़ेदान में डालकर इतिश्री कर रहे हैं। कहीं-कहीं सड़क किनारे भी फेंका जा रहा है जो नुकसानदायक है। मोबाइल, कम्प्यूटर, वाशिंग मशीन, टीवी, फ्रिज आदि के सर्विस सेंटर से निकलने वाले खराब उपकरणों को वे सीधे कबाड़ियों को बेच रहे हैं जबकि कंपनी रूल्स के मुताबिक उनका निष्पादन नियमतः करना चाहिए।

# गंगरेल डुबान पहुंचा सिंगल दंतैल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी


- दर्जनभर गांवों में अलर्ट घोषित किया गया

गंगरेल डुबान में एक दंतैल के विचरण से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हाथी के लोकेशन की जानकारी लेने धमतरी तथा केरेगांव वन विभाग का स्टाफ डुबान क्षेत्र में मौजूद है। हाथी की मौजूदगी से आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

हाथी निगरानी दल के मंशाराम, अनीता सोनवानी ने बताया कि सिंगल दंतैल हाथी गरियाबंद जिले से सिंगपुर होते हुए कुकरेल परिक्षेत्र के जंगल में विचरण कर रहा था। गुरुवार की शाम 4.30 बजे मारदापोटी को पार कर उरपुटी के जंगल में पहुंच गया है। मारदापोटी, बनरौद, बांसपारा, माकरदोना, गेदरापारा, उरपुटी, पंडरीपानी, कांदरी में मुनादी कर लोगों को सावधान किया गया है। हाथी मौजूद वाले क्षेत्र में लोगों को जंगल नहीं जाने, हाथी दिखने पर वन विभाग को सूचना देने तथा एक दूसरे को सचेत करने की मुनादी की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ की धरती पर महादेव का चुम्बक लगा, जिसके कारण मैं यहां बार-बार कथा करने खिंचा चला आता हूं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद के वृद्धि विहार भरदा चौक में गुरुवार से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा शुरू हो गई। कार्यक्रम के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर ने कथावाचक का स्वागत कर वहां मौजूद भक्तों को संबोधित किया। पहले ही दिन भारी उमस व गर्मी के बावजूद लाखों शिवभक्त कथा सुनने उमड़ पड़े। पूरा पंडाल शिव के जयकारों से शिवमय हो गया।

पहले दिन कथा की शुरुआत श्री मिश्रा ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहते हुए की। उन्होंने कहा कि यहां की धरती में शिवतत्व रूपी चुम्बक लगा हुआ है जिसके कारण मैं यहां बार-बार कथा करने खींचा चला आता हूं। कुरुद वालों का पुण्य प्रबल है जिसके कारण अभी कई जगह तैयारी हो जाने के बाद कथाएं कैंसिल हो गई पर यहां के लोगों को कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है।

इससे पहले विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ा हुआ है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ दो ही त्रिवेणी संगम है जिसमें से एक कुलेश्वर महादेव मंदिर से गुजरने वाले महानदी, सोंढ़ूर और पैरी का संगम है। उन्होंने कुलेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास बताते हुए कहा कि कुलेश्वर महादेव शिवलिंग का निर्माण पूजा-अर्चना के लिए माता सीता ने बालू से किया था, जहां आज भी बालू से निर्मित शिवलिंग नजर आता है।

#### सिन्दूरा के सिंदूर में होता है 64 योगिनियों का बल

प्रदीप मिश्रा ने शिव तत्व की महिमा बताते हुए कहा कि जब कोई नारी शिवलिंग में जलाभिषेक करती है तो वह अपने मायके व ससुराल की 71-71 पीढ़ियों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। आगे कहा कि जिस प्रकार पंखे या कूलर के समीप बैठने से हमें हवा का अहसास होने लगता है, ठीक उसी प्रकार शिव मंदिर या कथा में बैठने से हमारा दुःख कम होने लगता है। उन्होंने सिंगरौली के सिंदूर की महिमा का बखान करते हुए कहा कि जो महिला सिंदूरा का सिंदूर लगाती है, उसे कोई साधारण पुरुष आंख उठाकर भी नही देख पाता। क्योंकि विवाह के समय के सिंदूरा वाले सिंदूर में 64 योगिनियों का बल होता है। इसलिए विवाहित महिलाओं को सिंदूर लगाना चाहिए।

#### पसीने से तरबतर होकर भी शिवभक्तों ने सुनी कथा

उमसभरी गर्मी के बीच पसीने में तरबतर होकर भक्त कथा सुनते रहे। श्रद्धालुओं में पुरुषों से तीन गुना महिलाएं हैं। छग के अलावा अन्य प्रदेश से भी शिवभक्त पहुंचे हैं और कथा पंडाल में ही भजन- सुमिरन कर कथा श्रवण कर रहे हैं। जिसे जहां जगह मिली, वह कथा सुनने के लिए वहीं बैठ गया। पंडाल में पंखे और कूलर की व्यवस्था भीड़ के हिसाब से कम पाई गई जिसे अगले दिन से व्यवस्था करने विधायक ने आयोजकों को निर्देशित किया।

### शिवपुराण सुनने 70 किमी नंगे पांव पैदल चलकर पहुंचा भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

कुरूद में 16 से 22 मई तक गौरीशंकर शिव महापुराण आयोजित है। गुरुवार को हजारों श्रद्धालु कथा सुनने कुरूद पहुंचे। इस दौरान एक शिवभक्त भाठागांव में देखा गया जो तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप में नंगे पांव रायपुर से 70 किमी का फासला तय कर कथा सुनने पहुंचा। भक्त ने अपना नाम प्रदीप शर्मा बताया। उसने बताया कि पं. प्रदीप मिश्रा का शिवपुराण सुनने वह पैदल ही जाते हैं। उनके पैर में बड़ा जख्म हो गया था। अनेक डॉक्टरों के पास इलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था। पैर काटने की स्थिति में आ गई थी। आगे कहा कि पंडित मिश्रा के शिवपुराण में बताया गया कि जो भक्त भगवान का शिवपुराण सुनेगा तो उसका सारा दुख दूर हो जायेगा। इस धारणा को लेकर गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित शिवपुराण की कथा सुनने गया और भगवान शिव की उपासना करने लगा। उसके बाद मेरा पैर ठीक होने लगा। अभी उसे कोई तकलीफ नही है। आगे बताया कि उसकी पत्नी के हर्निया का तीन बार ऑपरेशन होने के बाद भी वह ठीक नहीं हो रहा था।



# फैंसी दुकान से पावडर-लोशन व पिकअप से पहिए निकाल ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दुकान के सामने खड़ी पिकअप से अज्ञात चोर पहिया निकाल ले गए। बुधवार की रात गोलबाजार की फैंसी दुकान से चोर ने मेकअप सामानों की चोरी कर ली है। शहर में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चोर दिनदहाड़े बाइक व साइकिल की चोरी कर रहे हैं। रात्रि में सूनेपन का फायदा उठा दुकान व घरों के सामने खड़े वाहनों से पहिया व बैटरी की चोरी को अंजाम दे रहे हैं। चोरी की घटनाओं को देख लगता है कि शहर में चोर गिरोह सक्रिय है। पुलिस की रात्रिकालीन पेट्रोलिंग के बावजूद चोर बड़ी सफाई से चोरी कर रहे हैं। बुधवार की रात्रि शहर व आसपास सहित तीन स्थानों पर चोरी की घटना हुई है। पहली घटना विंध्यवासिनी वार्ड के दानीटोला मार्ग पर कृष्णा स्टील ट्रेडर्स के सामने खड़ी पिकअप वाहन में हुई। दुकान के संचालक सुधीर सिन्हा ने बताया कि बुधवार की शाम उसके चालक व हमाल पिकअप क्रमांक सीजी 05 एएच 4603 में सीमेंट भरकर ग्राम सारंगपुरी में खाली करने गए थे। वहां से लौटने के बाद रात्रि लगभग 7.30 बजे चालक दुकान के पास पिकअप को खड़ी कर वाहन की चाबी देकर घर चला गया। रात्रि 9 बजे दुकान बंद कर अपने निवास में रात्रि 11 बजे तक टीवी देखते बैठे थे तब तक चोरी नहीं हुई थी। देर रात्रि अज्ञात चोर पिकअप के चालक साइड के आगे व पीछे पट्टा के नीचे पेवर ब्लाक टिका दो पहिया निकाल ले गए। गुरुवार की सुबह घटना की लिखित सूचना दी गई है। दुकान संचालक ने बताया कि इस घटना में उसे लगभग 25 हजार का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि ही हरफतराई मार्ग में एक वाहन की बैटरी भी चोरी हुई। इसी रात्रि चोरी की अन्य घटना गोलबाजार के पास स्थित संगम फैंसी स्टोर में हुई है। दुकान के संचालक निलेश पटवा रात्रि में दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि में अज्ञात चोर ने दुकान की छत में लगी सीमेंट सीट व प्लाई के सीलिंग को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर फैंसी कंगन, बॉडी लोशन, पावडर, क्रीम सहित नकदी ढाई हजार रूपए की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह दुकान खोलने पर छत पर लगी सीमेंट सीट टूटी हुई मिली। वहीं सामान भी बिखरा हुआ था। मिलान करने पर दुकान से नकदी सहित लगभग 10 हजार रूपए के सामानों की चोरी होना पाया गया।



# दुकान की आड़ में शराब बेचने वाला पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

अनंतपुर पुलिस ने ग्राम बिंजौली में दुकान की आड़ में शराब बेचने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध शराब व नकद बरामद किया है। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे द्वारा समय–समय पर अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर के निर्देश पर ग्राम बिंजौजी में रेड कार्रवाई कर सेनापति कश्यप पिता जालन्धर उम्र 25 वर्ष थाना अनंतपुर के कब्जे से 4 नग अंग्रेजी बदवाइजर बीयर शराब, 1 नग किंगफिशर बीयर कुल 3250 एमएल कीमत 790 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया गया। कार्रवाई में प्रधान आर.रघुनाथ सिंह कश्यप, आर. सोनवानी, लक्ष्मी बघेल व थाना स्टाफ का योगदान रहा।



## पेज 11 के शेष

### तीन महीने बाद भी नहीं...

किलोमीटर लंबी कांगेर नदी में डेढ़ दर्जन स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां मगरमच्छों का वास बताया गया है। भैंसादरहा झीलनुमा गहराई वाला स्थल कांगेर नदी के ही एक स्थल का नाम है, जहां एक ही स्थल में बड़ी संख्या में मगरमच्छ दिखाई देते हैं। पहली बार भारतीय प्राणी सर्वेक्षण जिओलाजिकल सर्वे आफ इंडिया के विज्ञानियों की टीम कांगेर नाला में मगरमच्छों पर अध्ययन के पहुंची थी। इसी तरह विशेषज्ञ पक्षियों की आवाज सुनकर एवं कैमरे से देखने के बाद गणना कर पाएंगे। गणना में देश के छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान आदि के पक्षी विशेषज्ञ शामिल हुए थे।

### 10 डीआरजी जवानों के...

हासिल हो रही है। ऐसे में नक्सलियों के हिट लिस्ट में सबसे पहले डीआरजी जवानों का नाम शामिल है। खास बात यह है कि डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में बस्तर पुलिस ने स्थानीय ग्रामीण युवाओं को और सरेंडर कर चुके नक्सलियों को स्पेशल ट्रेनिंग देकर इस डीआरजी फोर्स में शामिल किया है। इन जवानों को नक्सलियों के कोर इलाके की पूरी जानकारी है। साथ ही नक्सलियों के गुरिल्ला युद्ध से निपटने की स्पेशल ट्रेनिंग ली है, इस वजह से डीआरजी के जवान लगातार भारी पड़ रहे हैं। वहीं अब पहली बार ऐसा हुआ है, जब नक्सलियों ने डीआरजी के 10 जवानों के नाम की लिस्ट जारी कर इन्हें धमकी दी है। नक्सलियों ने इन पर मजदूर दिवस के दिन ग्रामीणों से मारपीट करने का आरोप लगाया है और अपने पोस्ट में उनके नाम लिखकर जगह-जगह परिचय को चश्मा किया, उसे परी के इलाके में खासकर बड़ी संख्या में नक्सलियों ने पोस्ट चस्पा किया है।

10 डीआरजी जवानों के नाम

बताया जा रहा है कि मोटू हपका, राजू ओयाम, मोटू ओयाम, अर्जुन ओयाम, फागू मुचाकी, वेंजाम शिवनाथ, शिवराम डोडी, लालू, पदम मोहन और कर्मा चमराल इन सभी डीआरजी जवानों पर बाजार पहुंचे। गांव के लोगों से मारपीट का आरोप लगाते हुए जल्द ही अंजाम भुगतने की चेतावनी नक्सलियों की ओर से जारी किए गए पोस्टरों के माध्यम से दी गई है।

जवानों ने मजदूर से मारपीट नहीं की

बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि डीआरजी के जवानों ने किसी मजदूर से मारपीट नहीं की, नक्सली जानबूझकर ग्रामीणों का अपने आप को अपना हितैषी बताने का कोशिश करते हैं, लेकिन बस्तर की जनता अब समझ चुकी है और कोई भी ग्रामीण नक्सलियों का साथ नहीं देना चाहता है। एसपी ने कहा कि जल्द इस गांव और इस इलाके में पहुंचकर नक्सलियों के सभी बैनर पोस्टर को हटा लिया जाएगा।

### फर्जी अमेजन पे का...

रुपए की खरीदी कर क्यूआर कोड स्केन करके फर्जी पेज दिखाकर कुल 35,300 रूपये की ठगी किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक दिलीप कोशले के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी किशन देवांगन व ओम प्रकाश बघेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया। निरीक्षक लीलाधर राठौर, उ.नि. अरुण मरकाम, स.उ.नि. सतीश श्रीवास्तव, प्र.आर.चोवा दास गेंदले, आरक्षक विजय तिर्की व कामदेव ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शहर में कबाड़ वाहनों की...

द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित किया गया। जिसमें शहर के अलग-अलग स्थान कन्हैया बीकानेर, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से ट्रक लक्ष्मण एवेन्यू के बाजू गली से कार, कालीबाड़ी रोड से ट्रैक्टर, केंद्रीय विद्यालय पास से ऑटो वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गई। गठित दल में निगम राजस्व विभाग के राकेश यादव, सुशील पांडे, नागेंद्र, विमल पांडे, चंदन प्रजापति, मुन्ना नायक, इंद्रनील यदू व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कबाड़ वाहनों एवं सामाग्रियों की जब्ती कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### छात्र बनमाली ने किया नाम रौशन



**बस्तर।** बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर (आत्मानंद हिंदी मीडियम) के 12वीं के छात्र बनमाली कश्यप कला संकाय ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 90.40 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है। बस्तर जिला में द्वितीय स्थान पर रहे बनमाली ने इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को देते उनके मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। बनमाली ने यह भी बताया कि उन्हें इससे भी बेहतर की उम्मीद थी। विद्यालय के प्राचार्य पीआर लाऊतरे और समस्त शिक्षकों ने छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### वुशु चैंपियनशिप में समीर को मिला गोल्ड मेडल



**बस्तर।** बस्तर संभाग जगदलपुर से समीर कश्यप ने राज्य स्तरीय 15वीं जूनियर राज्य वुशु चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया है।
राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में गत 8 से 12 मई तक राज्य स्तरीय 15वीं जूनियर राज्य वुशु चैंपियनशिप बालक-बालिका का आयोजन किया गया था। जिसमें बस्तर संभाग जगदलपुर से समीर कश्यप ने हिस्सा लिया। समीर ने रायगढ़ को परास्त कर अपना स्थान बनाते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया और 23 जुलाई को होने वाले राष्ट्र स्तरीय चैंपियनशिप तमिल नाडु में अपना स्थान बनाया है। समीर कश्यप डीपीएस स्कूल जगदलपुर के विद्यार्थी है। इस जीत पर कोच विधा सिंग, प्रबंधक ललित अग्रवाल, सचिव अतुलदेश लहरा, पिता विशम्भर कश्यप व माता रामा कश्यप ने बधाई देकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोर्ड परीक्षा में एकलव्य के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भानपुरी।** सीबीएसई बोर्ड के द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। बस्तर जिला अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बेसोली विकासखंड बस्तर में कक्षा 12वीं में 92.45 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में 67.85 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान उर्मिला बघेल 67.80 प्रतिशत, द्वितीय देवेंद्र कुमार 67 प्रतिशत एवं तृतीय संतोष कुमार ने 64.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में प्रथम दीपशिखा मंडावी 76.40 प्रतिशत, द्वितीय देवेश कुमार बघेल 73.40 प्रतिशत एवं तृतीय भारती 69 प्रतिशत प्राप्त किया। बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार मरकाम व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

# वन-वे व्यवस्था समाप्त, पार्किंग स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के व्यस्ततम मार्ग चांदनी चौक से एसबीआई चौक तक के मार्ग को व्यवस्थित यातायात सुविधा के लिए प्रायोगिक तौर पर वन-वे जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। नागरिकों और व्यापारियों की सुविधाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा वन-वे व्यवस्था को समाप्त किया गया। इस मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए शुक्रवार की सुबह कलेक्टर विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मौका मुआयना कर अन्य विकल्पों पर व्यापारियों और नागरिकों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर विजय ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए दो मार्गों को वन-वे किया गया था, जिसका जनता ने बहुत सहयोग किया। व्यवस्था बनाने के लिए जो कमी पेशी रही उनका चिन्हांकन किया गया है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जनता के साथ व्यापारी भी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक में सभी मार्गों के लगाए गए ट्रैफिक सिंग्नल की टाइमिंग को व्यवस्थित की जाएगी और व्यवस्था बनाने के लिए चांदनी चौक में लगे बेरीकेट्स को अभी यथावत रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि इन मार्गों में व्यस्ततम समय में अधिक भीड़ रहती है, सुगम यातायात के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही इन मार्गों में दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही भी किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने मार्ग को पैदल चलकर मौका मुआयना किया और कन्हैया बीकानेर मिठाई दुकान के समीप स्थित नगर निगम के स्थल में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। पार्किंग स्थल में दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग जगह मार्क करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चांदनी चौक स्थित शराब दुकान को हटाने हेतु विकल्प के रूप में पुराने बस स्टैंड स्थित कमर्शियल कॉप्लेक्स के दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने ली नियद नेल्लानार अंतर्गत संभागीय बैठक

# नियद नेल्लानार से संबंधित योजनाओं को दें उच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी निहारिका बारिक सिंह की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नियद नेल्लानार शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में संभागीय स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव बारिक सिंह ने नियद नेल्लानार के अंतर्गत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। जहां सुरक्षा कैम्पों की परिधि में स्थित ग्रामों में मुलभूत अधोसंरचना यथा पीडीएस सेवाओं, संचार प्रणाली, रोड कनेक्टीविटी, स्कूल आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों की शत प्रतिशत उपलब्धता की जानी है। साथ ही इन ग्रामों में अतिरिक्त रोजगार मुलक कार्यों का अधिकाधिक सृजन, और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी करना सुनिश्चित करें। इस क्रम उन्होंने बस्तर सभाग के कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों से संबंधित एजेंडा बिंदु वार जानकारी लेते हुए पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया।



नियद नेल्लानार के तहत एजेंडे में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण पीएमजीएसवाय-1 अंतर्गत सुरक्षा बलों के सहयोग से जून 2024 तक पूर्ण होने वाले 85 सड़कों में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति, मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों को अद्यतन प्रगति, हितग्राहियों को जॉब कार्ड की स्थिति एवं 10 जून 2024 तक संतृप्त करने की कार्ययोजना, प्रत्येक सुरक्षा कैंप के पास अनिवार्यतः 1 खाद्यान्न भण्डारण गोदाम, प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान की स्वीकृति, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, अमृत सरोवर, व्यक्ति मूलक कार्य, स्व-सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण के कार्य, पर्याप्त शेल्फ ऑफ वर्क की तैयारी की स्थिति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अर्हता प्राप्त स्थानीय व्यक्ति को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति की तैयारी, समयबद्ध मजदूरी भुगतान की समीक्षा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत तृतीय किस्त प्राप्त निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की प्रगति, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियों के आवास निर्माण की प्रगति, स्थायी प्रतिक्षा सूची, आवास प्लस, पीएम-जनमन एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (आवासहीन) के पृथक छूटे हुए पात्र परिवारों के सर्वेक्षण, चयनित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत भवन की स्थिति, चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, ग्राम पंचायत विकास योजना (2024-25) के निर्माण की समीक्षा ऑडिट ऑनलाइन वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रगति, वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट के तहत चयनित ग्राम पंचायतों के इयर बुक क्लोजिंग की समीक्षा, वित्तीय समावेशन, आजीविका अंतर्गत लखपति महिला पहल अंतर्गत स्थिति की समीक्षा एवं वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 हेतु रणनीति एवं तैयारी, स्व-सहायता समूह गठन, बीसी. सखी नियुक्ति, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत सर्वेक्षण, स्थल चिन्हांकन, स्वीकृति, प्रगति, ओडीएफ. प्लस मॉडल ग्राम, ओडीएफ. प्लस मॉडल के सत्यापन की प्रगति, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट की स्थापना, पर्यटन स्थल के होटल होम स्टे, रिसोर्ट आदि की ग्रीन लीफ रेटिंग करने, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित शौचालयों की टॉयपोलाजी का सर्वेक्षण कर एमआईएस. में प्रविष्टि करने के विषय वस्तु शामिल थे। जिनकी प्रमुख सचिव द्वारा विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके साथ उन्होंने क्रियान्वयन संबंध में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी कलेक्टर एवं सीईओ से जानकारी चाही और उसके समाधान के समुचित निर्देश दिए। उक्त बैठक में बस्तर कमिश्नर श्यामलाल धावड़े, मनरेगा आयुक्त दीपक सोनी, संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना रजत बंसल, मिशन संचालक नम्रता जैन, संचालक पंचायत प्रियंका महोबिया, मिशन संचालक एसबीएम चंदन संजय त्रिपाठी सहित कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा के कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सुरक्षा कैंपों के समीप के ग्रामों में अलग-अलग लक्षित कार्यों की करें सतत समीक्षाः प्रमुख सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग के नियद नेल्लनार योजना के तहत 22 सुरक्षा कैंपों के समीप के ग्रामों में अलग-अलग लक्षित कार्यों की सतत समीक्षा किया जाए, इसके साथ ही हर गांव में कोई ना कोई कार्य स्वीकृत करें।



प्रमुख सचिव ने बैठक में बस्तर संभाग के जिलों में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत सुरक्षा बलों के सहयोग से जून 2024 तक पूर्ण होने वाले 85 सड़कों में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत नारायणपुर जिले में स्वीकृत 16 सड़कों में से 7 सड़कें सुरक्षा बल के अभाव में अप्रारम्भ है की समीक्षा किया गया। महात्मा गांधी नरेगा के तहत मांग के आधार पर जॉब कार्ड बनाये जाने की स्थिति 10 जून तक संतृप्त करने की कार्ययोजना पर चर्चा किए। वनाधिकार पट्टाधारी को मनरेगा के तहत शेड निर्माण में अधिक से अधिक राशि देने के निर्देश दिए। मनरेगा के भुगतान हेतु बैंकिंग व्यवस्था के अन्य माध्यम पर चर्चा किया, कार्यों के भौतिक प्रगति की समीक्षा, सोशल ऑडिट की प्रगति, कार्यों की प्रगति में वर्ष 2023-24 के दो वर्ष में अप्रारंभ कार्य को निरस्त कर अन्य प्रगतिरत कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं। इसकी सभी जिला पंचायत सीईओ समीक्षा कर अपूर्ण या अप्रारंभ कार्य की जानकारी एक सप्ताह तक दें। कार्य में लंबित की संख्या ज्यादा होने पर कोंडागांव के ईई आरईएस को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिए। मनरेगा के तहत पीडीएस दुकान, आंगनवाड़ी के भवन निर्माण के साथ वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राहियों से आजीविका संवर्धन हेतु स्वीकृत कार्य को प्राथमिकता से किया जाए। हर पंचायत में अमृत सरोवर के लिए जगह का पूर्व चिन्हांकन किया जाए, जगह कम से कम एक एकड़ का हो। आंगनवाड़ी भवन के विकास, खेल मैदान के विकास, व्यक्तिमूलक कार्य, स्व-सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण के कार्य, पर्याप्त शेल्फ ऑफ वर्क की तैयारी की स्थिति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अर्हता प्राप्त स्थानीय व्यक्ति को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति और रिक्त पदों की भर्ती हेतु तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया।

### आवास निर्माण प्रगति की समीक्षा की

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत तृतीय किस्त प्राप्त निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की प्रगति, आवासहीन हितग्राहियों के आवास निर्माण की प्रगति, नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हितग्राहियों के स्वीकृत आवास के निर्माण की प्रगति की समीक्षा किया गया। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत वर्तमान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्थायी प्रतिक्षा सूची, आवास प्लस, पीएम-जनमन एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण (आवासहीन) के पृथक छूटे हुए पात्र परिवारों के सर्वेक्षण के संबंध में चर्चा किया गया। चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन की स्थिति की समीक्षा, चयनित ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि के व्यय की समीक्षा, ग्राम पंचायत विकास योजना (2024-25) के निर्माण की समीक्षा, वर्ष 2022-23 हेतु ऑडिट ऑनलाइन की प्रगति की समीक्षा किया गया।

### प्लास्टिकमैनेजमेंट प्लांट की सराहना की

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट की स्थापना की प्रगति की समीक्षा, बस्तर में स्थापित प्लास्टिक मैनेजमेंट के प्लांट की सराहना की गई। सभी जिलों में इस प्रकार का प्रैक्टिसेश किया जा सकता है। मुख्य मार्गों में और प्रमुख नगरों में सामुदायिक सेनेटरी कॉम्प्लेक्स बनाकर बिजनेस मॉडल पर चर्चा किया गया। पर्यटन स्थल के होटल, होम स्टे, रिसोर्ट आदि की ग्रीन लीफ रेटिंग करने की प्रगति की समीक्षा। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित शौचालयों की टायपोलाजी का सर्वेक्षण कर एमआईएस. में प्रविष्टि करने की समीक्षा। ओडीएफ प्लस मॉडल के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा भी किया गया। महिला स्व महिला समूह को सामूहिक व्यवसाय हेतु सर्वेक्षण, व्यक्तिगत-सामुदायिक शौचालय के आच्छादन की स्थिति, स्थल चिन्हांकन, स्वीकृति, प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी ओपी पॉल, मनरेगा आयुक्त दीपक सोनी, प्रधानमंत्री आवास योजना संचालक रजत बंसल, संचालक पंचायत प्रियंका महोबिया, मिशन संचालक एसबीएम चंदन संजय त्रिपाठी, मिशन संचालक आजीविका मिशन नमृता जैन, सहित सभी सातों जिलों के कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पालनार को प्लास्टिक मुक्त करने महिलाओं ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



लगातार बढ़ रहे प्रदुषण को देखते हुए और गांवों, शहरों को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं की ओर से अनूठी पहल की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत पालनार के साप्ताहिक बाजार में महिलाओं के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन मुक्त करने हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन के सहयोग व मार्गदर्शन से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दंतेवाड़ा द्वारा 13 से 22 मई तक पेपर बैग लिफाफा एवं फाइल निर्माण करने हेतु 10 दिवसीय ऑफ कैंपस प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पालनार में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के द्वारा बनाए गए पेपर बैग का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाजार लगाया गया। साथ ही लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन उपयोग नहीं करने की सलाह एवं साप्ताहिक बाजार में मौजूद दुकानदारों से पेपर से बने बैग का उपयोग करने हेतु अपील भी किया गया।

इस संबंध में संस्थान डायरेक्टर एमआर राजू ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा करवाए जा रहे इस कार्य से एक तरफ जहां शहर, गांव को पॉलीथिन मुक्त बनाने आसानी होगी, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं को भी एक रोजगार उपलब्ध होगा। इस दौरान संस्थान समन्वयक ओम प्रकाश साहू, प्रशिक्षक आलोक श्रीवास्तव, फैकल्टी धनंजय टंडन एवं महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# 31 मई अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम एवं धूम्रपान से होने वाली दुष्परिणाम के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन, तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी सभी समुदाय तक पहुंचाने, सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशा मुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, विषयान्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयान्तर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का जनहित में प्रसारण यथा संभव योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा योगाभ्यास से नशामुक्त होने हेतु प्रेरक व्याख्यान जैसे जागरूकता कार्यक्रम होंगें।

# शिशु मंदिर में हुआ नवीन आचार्य प्रशिक्षण



**भानपुरी।** जिला ग्राम भारती बस्तर जगदलपुर के अन्तर्गत दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2024 सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरी में गत दिवस आयोजित किया गया था। समापन समारोह कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को समता, योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम शार्वा प्रान्तीय सदस्य एवं अध्यक्षता कैलाश जैन सह सचिव, ग्राम भारती मुख्य वक्ता हेमन्त पाण्डेय संस्थान प्रतिनिधि एवं जिला सचिव ग्राम भारती रामानुज पाण्डेय, सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरी के अध्यक्ष विजय तिवारी, संयोजक संतोष बघेल, किशन सेन, टिकेश मौर्य, कुलेश्वर कश्यप, लक्ष्मी वैध, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बस्तर संभाग कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिला से 63 भैया एवं दीदीयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ग को सम्पन्न कराने में समिति के अलावा रामदयाल नाग, दामूधर कश्यप, गहरू राम, दिगेश्वरी वैष्णव, तरूण गोस्वामी एवं प्रधानाचार्य, आचार्य कोमल सेठिया, शिबो यादव, बंशी पटेल, चंद्रिका ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा। वर्ग सम्पन्न कराने दायित्व का निर्वहन संतोष उके एवं विरेन्द्र साहू जिला समन्वयक का रहा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर, (छ.ग.)**

**/ ईश्तहार /**

रा.प्र.क्रं. 20240315270002/अ-2/2023-24
चन्द्रभान पिता लच्छुराम आयु 43 वर्ष जाति मुरिया सा. कोड़ेबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा.......................................... आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन.......................................अनावेदक

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभान पिता लच्छुराम आयु 43 वर्ष जाति मुरिया सा. ग्राम कोड़ेबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम बदरेंगा प.ह.क्रं.-06 बदरेंगा में स्थित खसरा क्रमांक 212 रकबा 1.08 भूमि क्रय-विक्रय के माध्यम से अपने स्वामीत्व भूमि का खसरा 212 रकबा 1.08 हे. भूमि में से 1.08 हे. को व्यवसायिक हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा, खसरा, साईट प्लान ब्लू प्रिंट, शपथ पत्र, तलवाना फार्म, रजिस्ट्री पेपर एवं अधिकार अभिलेख-1954-55 की प्रति, आवेदन पत्र सहित न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा, विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व लोहण्डीगुड़ा के कार्यालय में दिनांक 20/05/2024 को कार्यालयीन अवधि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालय के सभाकक्ष सहित अन्य कक्षों का किया नामकरण



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला कार्यालय के सभाकक्षों सहित अन्य कक्षों का नामकरण आज सर्वसहमति से अनुमोदित किया गया। नामकरण हेतु अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिकों से प्रस्ताव एवं सुझाव आमंत्रित किये गये थे। नामकरण प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए जिले की भौगोलिक संरचना, प्रेरणादायक शब्द आदि को ध्यान रखते हुए नामकरण सुझाव भेजने आग्रह किया गया था एवं जिनके नाम का चयन किया जायेगा, उनको जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने का निर्णय भी लिया गया है। प्राप्त सुझावों पर समीक्षा करते हुए सभाकक्ष क्रमांक 1 का नाम इंद्रावती सभाकक्ष, सभाकक्ष क्रमांक 2 का नाम मिंगाचल कक्ष, आगंतुक कक्ष का नाम सातधार कक्ष, विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 1 का नाम नीलम सरई कक्ष एवं विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 2 का नाम नंबीधारा कक्ष रखा गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय-निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

आयोजन : पहली बार सिंधी पंचायत के मार्गदर्शन में महिला क्रिकेट लीग का आयोजन

# सास, बहू, मां, बेटी, बहन दिखाएंगी दम-खम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


सिंधी पंचायत के मार्गदर्शन में सिंधी नवयुवक मंडल पहली बार सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट हाता मैदान में फ्लड लाईट मैच करवा रही है। एसपीएल क्रिकेट के प्रभारी यश मेठानी ने जानकारी दी है कि सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी के मार्गदर्शन में सिंधी नवयुवक मंडल सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता करवा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सिंधी समाज के युवाओं के विचारों को साकार करने नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शिवम बसन्तवानी एवं उनकी टीम ने एसपीएल क्रिकेट की रचना की। सिंधी प्रीमियर लीग हाता मैदान में शुरू किया गया जिसमें समाज के सारे सदस्य मैदान पहुंचकर क्रिकेट का आनन्द ले रहे। महिलाओं के लिए क्रिकेट टीम बनाने की मंशा सुहिणी सोच महिला विंग अध्यक्षा नीलम बसन्तवानी ने सिंधी समाज की बेटी, बहुओं को जोड़ कर 2 टीम तैयार की है। खास बात यह



है कि इस सिंधी महिला क्रिकेट टीम में सास, बहू, मां, बेटी, बहन भी साथ क्रिकेट खेल रहे। सिंधी महिला क्रिकेट मैच में खिलाड़ी ड्रेस कोड में ही होंगे, इन दोनों टीम में हिंगलाज माता इलेवन, शीतला माता इलेवन है। हिंगलाज माता इलेवन के कप्तान सान्वी मेठानी और शीतला माता इलेवन के कप्तान प्रिया मेघानी है। शिवम बसन्तवानी ने बताया 11 मई से चल रहे सिंधी प्रीमियर लीग में प्रतिदिन साई झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती ततपश्चात राष्ट्रगान किया जा रहा है। क्रिकेट पिच के दोनों ओर खिलाड़ियों के लाइनअप के साथ ही अतिथियों से मुलाकात, टॉस किया जाता है। प्रतिदिन 2 लीग मैच हो रहे, दोनो मैचों में मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी दिया जा रहा है। 22 मई को सिंधी प्रीमियर लीग का फाईनल मैच हाता मैदान में होना है। इसी दिन एसपीएल महिला क्रिकेट का मैच भी होगा। नवयुवक मंडल के मीडिया प्रभारी रोहित हासानी ने यह जानकारी दी है।

## उलनार डेम में सैकड़ों प्रवासी पक्षी...





**जगदलपुर।** बकावंड ब्लॉक के ग्राम उलनार डेम में सैकड़ों प्रवासी पक्षी मिले। जलपक्षियों की कई सदस्य जातियों का सामूहिक साधारण नाम है, बत्तखें आमतौर पर हंस और कलहंस से छोटे आकार के होते हैं और इनकी गर्दन भी उनसे कम लम्बी होती है। यह मीठे जल व सागरों के खारे जल दोनों में पाई जाती हैं। छाया : संतोष पांडेय

## चांदनी चौक से शराब दुकान हटाने कब आगे आएंगे विधायक और नगर सरकार : जावेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने विधायक, महापौर और भाजपा पार्षद दल के द्वारा चांदनी चौक स्थित वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को खत्म करने की पहल का स्वागत करते हुए चांदनी चौक से तत्काल अंग्रेजी शराब दुकान को भी कहीं और व्यवस्थित करने की मांग की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि विधायक, महापौर और भाजपा के पार्षद दल के द्वारा प्रशासन द्वारा बनाए गए वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को हटाने के लिए जो तत्परता दिखाई गई है उसका हम स्वागत करते हैं परंतु भाजपा के नेता यह भी जानते हैं आज चांदनी चौक में जो ट्रैफिक की अव्यवस्था बनी हुई है जिसे सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन कोशिशें कर रहा है वह अव्यवस्था चांदनी चौक में स्थित शराब की दुकान है। जिसकी वजह से लगातार चांदनी चौक और उसके आसपास की सड़कों में ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। शराब दुकान में लोडिंग और अनलोडिंग के लिए भारी वाहनों का प्रवेश होता है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है एवं रोज शाम होते ही शराब प्रेमियों का जमावड़ा जो एक मेले की शक्ल लेकर वहां उपस्थित होता है। जिसकी वजह से आमजन को आने जाने में बड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ता है और बार-बार वहां पर यातायात बाधित भी होता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर वह चाहे प्रदेश में हो या नगर में हो जनता की आवाज को सुनने के लिए जनता के विरोध और दबाव के बाद तत्पर हुई है। भाजपा की सरकार ने इस वन-वे ट्रैफिक को हटाने के लिए तत्परता दिखाइए, लेकिन पिछले कई वर्षों से चांदनी चौक स्थित शराब की दुकान को हटाने के लिए भी लगातार शहर की महिला समूह, सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, युवा एवं जागरूक लोग तथा स्वयं भाजपा के अनेक नेतागण जब निगम में उनकी सरकार नहीं थी तब आवाज उठा चुके हैं। ऐसे में क्या विधायक, नगर निगम की महापौर और भाजपा पार्षद दल इस आवाज को भी सुनेंगे और जैसी तत्परता वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को हटाने के लिए दिखाई गई है वैसी ही तत्परता शराब दुकान को भी हटाने के लिए दिखाएंगे। चांदनी चौक से शराब दुकान को भी हटाने के लिए तत्परता तत्काल दिखाएं ताकि प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जो पहल की जा रही थी उस पहल का परिणाम सामने आ सके।



## कांग्रेस नेता का दावा शराब दुकान में आबकारी सिपाही के सरंक्षण में चल रहा खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर महामंत्री जाहिद हुसैन ने अधिक मूल्यों पर हो रही शराब बिक्री को जारी बयान में कहा कि जगदलपुर बस्तर में आबकारी विभाग के एक विशेष सिपाही के सरंक्षण में वर्षों से प्लेसमेंट एजेंसी मैनेजर व कर्मचारी द्वारा शराब दुकानों में निर्धारित मूल्यों से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री का अवैध खेल जोरो पर चल रहा है। शराब दुकान के काउंटर में लोगों को शराब खरीदने के एवज में अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। खुलकर आबकारी विभाग लोगों के जेब में डाका डाल रहा है। साथ ही आबकारी विभाग कानून व नियम-शर्तों को ताक में रख दिया है। जगदलपुर बस्तर जिले में आबकारी विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कोचिये भी महंगे दाम पर देशी और विदेशी शराब को बेच रहे हैं। बावजूद इसके शहर के शराब दुकान में सोसल मीडिया पर इस तरह का मामला भी सामने आया है। वहीं पुलिस ने भी इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं की है। जिसका नतीजा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर गांव-गांव में कोचियों की बाढ़ सी आ गई है और मदिरा प्रेमियों को महंगे दामों में अपने आसपास क्षेत्र में ही शराब मिलने लगा है।



### 50 से 100 रुपये महंगा

जाहिद हुसैन ने बताया एक बोतल के पीछे 50 से 100 और महंगी शराब के पीछे 200 रुपए से अधिक रुपये लोगों से वसूले जा रहे हैं। इस तरह से अवैध रूप से ही आबकारी विभाग प्रतिदिन लाखों रुपए का अवैध कारोबार कर रहा है। जबकि पूर्व में भी इस मामले को लेकर आबकारी विभाग में अवैध रूप से अधिक मूल्यों पर बेची जा रही शराब के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया था। परंतु अभी तक न कोई कार्यवाही हुई और न ही कोई पहल आबकारी विभाग ने किया।

पेंशनर्स महासंघ का दबाव रंग लाया

## दीपा गुप्ता के पेंशन प्रकरण का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के दबाव से दीपा गुप्ता के पेंशन प्रकरण का निराकरण हुआ। कार्यालय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन से पीपीओ जारी हो गया है, जिससे अब दीपा गुप्ता को पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

- संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन विभाग ने जारी किया पीपीओ



पेंशनर्स महासंघ अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण दीपा गुप्ता के पति का नाम पेंशन प्रकरण में देवेंद्र कुमार गुप्ता के स्थान पर देवेंद्र गुप्ता अंकित किया गया जिससे 31 दिसंबर 2023 को कांकेर के महात्मा गांधी वार्ड से सेवा निवृत्त प्रधान अध्यापिका दीपा गुप्ता को पेंशन नहीं मिल रहा था। संगठन के दबाव के बाद त्रुटि सुधार किया गया और कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय ने पीपीओ भी जारी कर दिया है। जिससे दीपा गुप्ता को पेंशन मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया। विगत दिनों पेंशनरों के विभिन्न मामलों को लेकर प्रतिनिधि मंडल द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन से भेंट कर लंबित पेंशन प्रकारणों से अवगत कराया था। भेंट के दौरान संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त ने लंबित प्रकरणों में कामाक्षा हाबिल का जिक्र करते हुए कहा कि पीपीओ की द्वितीय प्रति जारी करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। संचालनालय से अनुमति के बाद अतिशीघ्र पीपीओ की द्वितीय प्रति जारी की जाएगी। इस दौरान डी रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, नागेश कापेवार, दिनेश कुमार सिंघल एवं विनय कुमार चक्रवर्ती मौजूद थे।

संयुक्त संचालक कोष लेखा ने संगठन को यह भी अवगत कराया कि तहसील कार्यालय से सेवा निवृत्त भृत्य सीताराम ठाकुर का पेंशन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। बहुत जल्दी पुनरीक्षित पीपीओ जारी किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने पेंशनरों के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता के साथ करने का आग्रह संयुक्त संचालक कोष लेखा से किया।

## व्यापारियों का प्रस्ताव किया मंजूर साप्ताहिक बाजार में निर्माण थमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर


समस्या : विधायक, एसडीएम, तहसीलदार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

सप्ताहिक बाजार में भवन निर्माण का विरोध रोजगार चौपट, रोक लगाने की मांग की

खड़े हो रहे हैं सवाल

अवैध कब्जे का भी खेल जारी

व्यापारियों का ज्ञापन मिला

नगर के प्रमुख साप्ताहिक बाजार स्थल पर स्थानीय प्रशासन द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा था। जिसका विरोध सभी वर्ग द्वारा किया गया वहीं व्यापारियों ने भी एसडीएम को ज्ञापन सौपा था। 17 मई को पुनः व्यपारियो ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी से मुलाकात किया। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर वार्ड पार्षद मनीष योगी,नरेंद्र कुलदीप समेत सभी व्यपारियो ने तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा से मुलाकात कर निर्माण कार्य हो जाने से क्या क्या समस्या होगी इसके बारे में विस्तार से बताया। एवं निवेदन किया कि निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए। जिस पर तहसीलदार ने गम्भीरता से लिया और तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया।

व्यापारीयो ने बताया कि हम व्यापारी लगभग 25 वर्षो से बाजार हाट करते आ रहे है हमारा पसरा है जिस पर प्रशासन द्वारा नींव खुदवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है। जिससे हम सभी व्यापारी को बाजार हाट करने में परेशानी होगी हमारा पूरा परिवार बाजार हाट पर ही निर्भर है। जिससे हमारा व्यापार पूर्ण रूप से प्रभावित हो जायेगा। उन्होंने कहा हम व्यापारीयों की परेशानी को देखते हुए उक्त निर्माण कार्य को रोक लगाने की मांग एसडीएम स्थानीय विधायक, तहसीलदार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष से किया गया। जिस पर शासन प्रशासन ने हमारी बातों को सुना समझा और हमारे हित मे निर्णय लिया जिसके लिए शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते है। दरअसल उक्त जगह पर साप्ताहिक हाट बाजार लगता है यहां पहले से ही साप्ताहिक बजार हेतु स्थान काफी कम है व संकरा हो चुका है। ऐसे में विभाग द्वारा आर.आई. ऑफिस निर्माण हेतु गढ्ढा खुदवाया जा रहा था। जिससे साप्ताहिक बाजार में पसरा / दुकान लगाने वाले व्यापारियों हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पाता। जिससे आम नगारिकों तथा व्यापारी बंधुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता।

## भैसाकन्हार (क) उच्च रक्तचाप दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैंसाकन्हार (क) के खासपारा, भानुप्रतापपुर में विश्व रक्तचाप दिवस पर जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश उके ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर वर्ष 17 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम /"अपने रक्तचाप को सटीकता से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें है। पर आधारित हैं। उन्होंने आगे बताया कि विश्व उच्च



रक्तचाप दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में मृत्यु के एक प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना। रक्तचाप माप विधियों में सटीकता को बढ़ावा देना, जनता को उच्च रक्तचाप और इसकी गंभीर चिकित्सीय जटिलताओं के महत्व के बारे में बताना। उच्च रक्तचाप की रोकथाम, पहचान और प्रबंधन पर जानकारी प्रदान करना है।

## कल्याणी रॉयल्स और स्वामी लीला शाह ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतिगोगिता में 11 वां मैच शहीद हेमू कल्याणी एवं साई युधिष्ठिर लाल टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई युधिष्ठिर लाल टीम 10 ओवरों में केवल 59 रन ही बनाई। टीम के तरफ से मनोज बचवानी ने सर्वाधिक 18 गेंदों पर 22 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहीद हेमू कल्याणी टीम ने यह लक्ष्य 8 ओवर 4 बॉल में हासिल कर लिया। कप्तान आतिश रामचंदानी ने 25 रन बनाए, मैच के मैन ऑफ द मैच प्रेम वासनी रहे। जिन्होंने 18 रन बनाए एवं 2 विकेट झटके। सिंधी प्रीमियर



लीग का 12 वां मैच साई लीला शाह टीम एवं संत हिरदा राम किंग्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई लीला शाह टीम की शुरूवात अच्छी रही। लेकिन पिछले मैच में शतक लगाने वाले निकेत नागवानी इस मैच में 11 गेंदों पर 23 बनाकर जल्दी आउट हो गए। निकेत को राजा मेघानी ने बोल्ड किया। टीम ने 10 ओवरों में 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई हिरदा राम किंग्स टीम 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 65 रन ही बना सकी। टीम के तरफ से कोई भी बल्लेबाजी बड़ी पारी ना खेल सका, मैन ऑफ द मैच सुरेश मैथानी रहे, जिन्होंने 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए।

## कोलावल में मना उच्च रक्तचाप दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द बकावंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश पर बकावंड में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 मई को उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। जिसमें 30 वर्ष से उपर की महिलाओं एवं पुरुषों का बीपी जांच कर उनको उच्च रक्तचाप बढ़ने के लक्षण एवं बचाव के प्रति विस्तार पूर्वक बताया गया। इसमें स्टॉफ नर्स कुमारी हर्षा ठाकुर द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीण जन को अच्छी जीवन शैली जीने के फायदे बताए। उच्च रक्त चाप वाले महिला, पुरुषों को नमक कम खाने हेतु एव प्रतिदिन व्यायाम करने के तरीके बताए, अधिक से अधिक पानी पीने के लिए समझाया गया। सप्ताह में कम से कम दो बार स्वास्थ्य जांच करने हेतु आयुषमान आरोग्य मंदिर में आकर अपना स्वास्थ्य जांच करने एवं संतुलित आहार लेना के लिए प्रेरित किया। उच्च रक्त चॉप, धुम्रपान, शराब आदि न लेने की सलाह दी गई।

## चारामा सेजेस विद्यालय के छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**चारामा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं हिंदी माध्यम विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के कक्षा दसवीं में अंग्रेजी माध्यम में कुल 40 परीक्षार्थी में से 36 उत्तीर्ण हुए, जिसमें 26 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कुल 30 परीक्षार्थी में से 26 परीक्षार्थी उत्तीर्ण में हुए एवं 86.6 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। सेजेस विद्यालय चारामा के अंग्रेजी माध्यम में कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान मोनिका साहू 94.3 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जागृति सिन्हा 93.6 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान डिम्पल कुबेर 89 प्रतिशत प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से प्रथम स्थान नीरज कोसरिया 91 प्रतिशत, द्वितीय स्थान युक्ति देवांगन 89 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान गरिमा साहू 93 प्रतिशत, द्वितीय स्थान देव लांझेवार 89 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।

